अंचल अधिकारी का न्यायालय, गावां।

विविध वाद संख्यां 01/20–21

आदेश का क्रम संख्यां एवं तारिख	आदेश	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारिख सहित।

20.01.2021

अभिलेख उपस्थापित। आवेदक मो0 इमरान अली वगैरह, ग्राम पिहरा, टोला घाघरा, थाना गावां जिला गिरिडीह के आवेदन पत्र का अवलोकनोपरान्त अभिलेख की कार्रवाई प्रारम्भ की गई। आवेदन पत्र में वर्णित विवादित भूमि का विवरण इस प्रकार हैः–जांच प्रतिवेदन निम्नवत हैः–

–ः विवादित भुमि का विवरणः–

मौजा	थाना नं0	खाता नं0	प्लॉट नं0	रकवा
खरसान	367	102	11/1133	06.52 एकड
			10/1115	05.95 एकड
			10	03.72 एकड

हल्का कर्मचारी/प्रभारी अंचल निरीक्षक से आवेदन पत्र को जांच करने हेतू निदेश दिया। निदेशानुसार जांच प्रतिवेदन भी प्राप्त हुआ। जांच प्रतिवेदन में वर्णित मौजा खरसान, थाना नं 367, के खाता नं 102, प्लॉट नं 11/1133 रकवा 6.55 एकड नवी मियां, सलेमान मियां, इमामन मियां खाता नं 102 प्लॉट नं 10/1115 रकवा 5.95 एकड बुधन मियां तथा खाता नं 102 प्लॉट नं 10 रकवा 3.72 एकड इमामन मियां वगैरह के नाम से दर्ज है।

उक्त भूमि आवेदक इमरान अली के दादा के नाम से हुकुमनामा के द्वारा प्राप्त है, जिसका लगान रसीद पंजी ।। भोलूम 5 के पृष्ठ संख्यां 123, भोलूम 5 के पृष्ठ संख्यां 122 एवं भोलूम 1 के पृष्ठ संख्यां 59 पर वर्ष 2019–20 तक निर्गत है।

उभय पक्षों को मूल कागजात के साथ उपस्थित होने का भी निदेश दिया गया जिसमें प्रथम पक्ष का मूल कागजातों का अवलोकन किया गया। द्वितिय पक्ष के द्वारा उक्त विवादित भूमि से संबंधित कोई स्पष्ट कागजात नहीं दिया गया।

प्रथम पक्ष के द्वारा लिखित जवाब एवं अभिलेख में संलग्न उभय पक्षों का कागजातों के अवलोकन के उपरान्त यह निर्णय लिया गयाा कि प्रथम पक्ष के दावों को पुष्टी करते हुए द्वितिय पक्ष के दावे को खारिज किया जाता है।

उभय पक्ष चाहे तो अपील करने हेतू सक्षम न्यायालय जाने हेतू स्वतंत्र है।

लेखापित एवं संशोधित

20/01/2021

अंचल अधिकारी,
गावां।

20/01/2021

अंचल अधिकारी,
गावां।

Digitally signed by DEEPAK PRASAD
Date: 2022.06.14 15:43:14 +05:30
Location: 192.168.249.76